# January Month Current Affairs

## Part 01

**Q01- हाल ही में किस राज्य की विधानसभा मे लोकायुक्त विधेयक पारित किया गया? /**

**Lokayukta Bill was recently passed in the assembly of which state?**

स्वीडेन (स्कैण्डेनेविया)

**A) उत्तरप्रदेश / Uttar Pradesh**

**B) कर्नाटक / Karnataka**

**C) महाराष्ट्र / Maharashtra**

**D) गुजरात / Gujarat**



- महाराष्ट्र विधानसभा ने लोकायुक्त विधेयक 2022 पारित किया है, जो मुख्यमंत्री और मंत्रिपरिषद को भ्रष्टाचार विरोधी लोकपाल के दायरे में लाता है।
- शिक्षक प्रवेश परीक्षा में कथित घोटाले को लेकर विपक्ष के सदन से बहिर्गमन करने के कारण विधेयक बिना किसी चर्चा के पारित हो गया।
- उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस विधेयक को ऐतिहासिक कानून करार दिया।
- कैबिनेट मंत्री दीपक केसरकर ने विधेयक पेश किया जिसमें मुख्यमंत्री और कैबिनेट को भ्रष्टाचार विरोधी लोकपाल के दायरे में लाने का प्रावधान है।

- महाराष्ट्र : राजधानी : मुंबई
- मुख्यमंत्री : एकनाथ शिंदे
- राज्यपाल : रमेश बैस



**Q02. हाल ही में इस्राइल के दोबारा से प्रधानमंत्री कौन बने है? / Recently who has become the Prime Minister of Israel again?**

A) बेंजामिन नेतन्याहू / Benjamin Netanyahu

B) एंथनी एल्बनीज / Anthony Albanese


C) शेख हसीना / Sheikh Hasina

D) सित्विनी राबुका / Sitwini Rabuka



❖ बेंजामिन नेतन्याहू ने छठी बार इज़राइल के प्रधान मंत्री के रूप में शपथ ली , जो आज तक यहूदी राज्य की सबसे दक्षिणपंथी सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं।

❖ नेतन्याहू, 73, जो पहले से ही इज़राइल के सबसे लंबे समय तक प्रधान मंत्री हैं, को 120 सदस्यीय केसेट (इज़राइली संसद) में 63 सांसदों का समर्थन प्राप्त है। सदन में 54 सांसदों ने उनकी सरकार के खिलाफ मतदान किया।



Q03 - पीएम मोदी 26 दिसंबर 2022 को मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में पहले 'वीर बाल दिवस' को चिह्नित करने वाले कार्यक्रम में भाग लिया, यह स्टेडियम कहाँ स्थित है? / **PM Modi participated in the program marking the first 'Veer Bal Diwas' on 26 December 2022 at Major Dhyan Chand National Stadium, where is this stadium located?**

A) मुम्बई / Mumbai


B) दिल्ली / Delhi

C) अहमदाबाद / Ahmedabad

D) जयपुर / Jaipur

❖ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26 दिसंबर 2022 को मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम, दिल्ली में पहले 'वीर बाल दिवस' के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लिया।

❖ प्रकाश पर्व, 2022 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घोषणा की थी कि 26 दिसंबर को श्री गुरु गोबिंद सिंह के पुत्रों साहिबजाद बाबा, जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत को 'वीर बाल दिवस' के रूप में मनाया जाएगा।



**Q04- हाल ही में किस देश के महान फुटबॉलर पेले का 82 वर्ष की उम्र में निधन हो गया? / Recently which country's great footballer Pele passed away at the age of 82?**

A) फ्रांस / France

B) ऑस्ट्रेलिया / Australia

C) इंग्लैंड / England

D) ब्राजील / Brazil



- ब्राजील के दिग्गज फुटबॉलर पेले का 82 वर्ष की आयु में निधन हो गया है।
- पेले ने रिकॉर्ड तीन विश्व कप जीते।
- पेले को 21 साल के करियर के दौरान 1,363 खेलों में विश्व रिकॉर्ड 1,281 गोल करने का श्रेय दिया जाता है।
- वह 1958, 1962 और 1970 में तीन बार विश्व कप जीतने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं।
- 1958 के टूर्नामेंट के बाद उन्हें ओ री ( द किंग) उपनाम दिया गया था।
- एडसन अरांतेस डो नैसिमेंटो को पेले के नाम से जाना जाता है। पेले कैंसर से जूझ रहे थे।

Q05- किस देश के पूर्व राष्ट्रपति को 11 साल की सजा सुनाई गयी है ? / **Which country's former President has been sentenced to 11 years in prison?**

A) म्यांमार / Myanmar

B) मालद्वीप / Maldives

C) पाकिस्तान / Pakistan

D) श्रीलंका / Sri Lanka



❖ मालदीव की एक अदालत ने हाल ही में पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल्ला यामीन को 11 साल की जेल की सजा सुनाई।

❖ यामीन को भ्रष्टाचार और धन शोधन जैसे मामलों में दोषी पाया गया है।

❖ अदालत ने आरोपों में दोषी पाते हुए यामीन को पांच मिलियन डॉलर का जुर्माना लगाया।

❖ अदालत ने यामीन को सरकार के स्वामित्व वाले एक द्वीप को पट्टे पर देने के ऐवज में रिश्वत लेने का दोषी पाया।

❖ यामीन साल 2013 से 2018 के दौरान मालदीव के राष्ट्रपति रहे। वे साल में 2018 में चुनाव हार गए।

❖ मालदीव के राष्ट्रपति:- इब्राहिम मोहम्मद सोलिह

❖ मालदीव की राजधानी माले

❖ मुद्रा:- मालदीव रूफिया



**Q06. अटल स्मारक कहा बनाया जाएगा? / Where will the Atal Memorial be built?**

A) लखनऊ / Lucknow

B) भोपाल / Bhopal

C) ग्वालियर / Gwalior

D) दिल्ली / Delhi



❖ मध्य प्रदेश के ग्वालियर में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का स्मारक बनाया जाएगा।


❖ प्रदेश सरकार ने इसके लिए जमीन आवंटित कर दी है। ग्वालियर शहर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मस्थली है।

❖ यहां उनका स्मारक बनाए जाने को लेकर मांग उठ रही थी, अब सरकार ने इसके लिए मंजूरी दे दी है।

❖ मध्य प्रदेश को राजधानी: भोपाल

❖ मध्य प्रदेश के राज्यपाल: मंगुभाई सी. पटेल

❖ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री : शिवराज सिंह चौहान



Q07. हाल ही में केंद्रीय सतर्कता आयुक्त कौन बने है? / **Recently who has become the Central Vigilance Commissioner?**

[CVC]

A) सामंत कुमार गोयल / **Samant Kumar Goyal**

B) तपन कुमार डेका / **Tapan Kumar Deka**

C) प्रवीण कुमार श्रीवास्तव / **Praveen Kumar Srivastava**

D) S. सोमनाथ / **S. Somnath**



- प्रवीण कुमार श्रीवास्तव को कार्यवाहक CVC नियुक्त किया गया है।
- 28 दिसंबर को सतर्कता आयुक्त प्रवीण कुमार श्रीवास्तव को कार्यवाहक केंद्रीय सतर्कता आयुक्त (सीवीसी) नियुक्त किया गया है।
- उन्होंने सुरेश एन पटेल का स्थान लिया, जिनका कार्यकाल 24 दिसंबर को पूरा हुआ।
- इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) के पूर्व प्रमुख अरविंद कुमार दूसरे सतर्कता आयुक्त हैं।

- केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी):
  - यह भारत में एक शीर्ष भ्रष्टाचार विरोधी सरकारी निकाय है।
  - यह के संथानम समिति की सिफारिश पर स्थापित किया गया था।
  - इसे केंद्रीय सतर्कता आयोग अधिनियम 2003 के तहत 2003 में वैधानिक दर्जा दिया गया था।
  - केंद्रीय सतर्कता आयुक्त केंद्रीय सतर्कता आयोग का प्रमुख होता है, जिसमें अधिकतम दो सतर्कता आयुक्त हो सकते हैं।
  - एक सीवीसी और सतर्कता आयुक्त की नियुक्ति चार साल की अवधि के लिए या उसके 65 वर्ष की आयु होने तक की जाती है।
  - केंद्रीय सतर्कता आयुक्त की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा एक समिति की सिफारिश पर की जाती है जिसमें प्रधान मंत्री, गृह मंत्री और लोकसभा में विपक्ष के नेता शामिल होते हैं।
  - नित्तूर श्रीनिवास राव भारत के पहले मुख्य सतर्कता आयुक्त थे।

**Q08. किस राज्य का धर्मदाम भारत पहला पूर्ण पुस्तकालय निर्वाचन क्षेत्र बना है? / Which state's Dharmadam has become India's first full library constituency?**

A) मध्यप्रदेश / Madhya Pradesh

B) झारखंड / Jharkhand

C) केरल / Kerala

D) कर्नाटक / Karnataka



❖ केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन का निर्वाचन क्षेत्र **धर्मदाम** भारत का पहला पूर्ण पुस्तकालय निर्वाचन क्षेत्र बन गया है।

❖ अपने फेसबुक पोस्ट में, मुख्यमंत्री विजयन ने कहा कि निर्वाचन क्षेत्र के कुल 138 वार्डों में से 63 वार्डों में कोई पुस्तकालय नहीं था।


❖ हालाँकि, एक जन संगठन, **पीपुल्स मिशन फॉर सोशल** डेवलपमेंट की मदद से, यह कार्य पूरा हो गया।

❖ पुस्तकालय और केरल केरल जो भारत में 100% साक्षरता का दर्जा हासिल ने वाला पहला राज्य था, शायद भारत का एकमात्र ऐसा राज्य भी है जहाँ हर गाँव में एक पुस्तकालय है।



Q09- भारतीय सेना ने किस शहर में सैनिकों के लिए पहली बार 3डी प्रिंटेड घर सौंपे हैं? /
In which city Indian Army has handed over 3D printed houses for the first time to the soldiers?

A) लद्दाख / Ladakh
B) अहमदाबाद / Ahmedabad
C) जैसलमेर / Jaisalmer
D) तवांग / Tawang



- भारतीय सेना ने अहमदाबाद छावनी में सैनिकों के लिए अपनी पहली 3डी प्रिंटेड आवास इकाई का उद्घाटन किया।

- 3डी प्रिंटिंग तकनीक जटिल सॉफ्टवेयर और रोबोटिक इकाई का उपयोग करती है, जो एक डिजिटल मॉडल से कई चरणों के माध्यम से एक संरचना बनाने में मदद करती है।

- एक मंजिल का यह 3डी प्रिंटेड मकान आपदा-रोधी और जोन-3 भूकंप क्षेत्रों के नियमों व ग्रीन बिल्डिंग मानकों का पालन करता है।



Q10. किस राज्य ने भारत की पहली नीलगिरि तहर परियोजना शुरू की? / Which state launched India's first Nilgiri Tahr Project?

A) तमिलनाडु / Tamil Nadu

B) गुजरात / Gujarat

C) केरल / Kerala

D) कर्नाटक / Karnataka



❖ भारत की अपनी तरह की पहली पहल में, तमिलनाडु सरकार ने 'नीलगिरि तहर परियोजना' की घोषणा की।

## महत्वपूर्ण तथ्य

❖ इसका उद्देश्य इस राजकीय पशु के मूल आवास को बहाल करना और इसकी आबादी को स्थिर करना है।

❖ 25.14 करोड़ रुपये के बजट के साथ, पांच साल की यह पहल प्रजातियों के संरक्षण से निपटने के लिए एक परियोजना निदेशक की अध्यक्षता में एक समर्पित टीम का गठन करेगी

## नीलगिरी तहर के बारे में

❖ यह तमिलनाडु का राजकीय पशु है।

❖ पश्चिमी घाट की यह स्थानिक प्रजाति संकटग्रस्त प्रजातियों कीIUCN लाल सूची में लुप्तप्राय के रूप में सूचीबद्ध है और भारत के वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची I के तहत संरक्षित है।



Q11 - दिसंबर 2022 को कितनी भारतीय भाषाओं (अंग्रेजी सहित) में साहित्य अकादमी पुरस्कार 2022 के विजेताओं की घोषणा की ? / **In how many Indian languages (including English) on December 2022, the winners of the Sahitya Akademi Awards 2022 were announced?**

A) 20 भाषा / 20 languages

B) 21 भाषा / 21 languages

C) 22 भाषा / 22 languages

D) 24 भाषा / 24 languages ✓

❖ साहित्य अकादमी ने 22 दिसंबर 2022 को 24 भारतीय भाषाओं (अंग्रेजी सहित) में साहित्य अकादमी पुरस्कार 2022 के विजेताओं की घोषणा की।

❖ उपन्यासकार अनुराधा रॉय, तमिल लेखक एम. राजेंद्रन उन 23 साहित्यकारों में शामिल हैं जिन्हें 2022 के लिए साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

❖ विजेताओं में कविता की 7 पुस्तकें, 6 उपन्यास, 2 लघु कथाएँ, 3 ड्रामा/नाटक, 2 साहित्यिक आलोचना और 1-1 आत्मकथात्मक निबंध शामिल हैं।

Q12- फोर्ब्स की दुनिया की सबसे अधिक कमाई वाली महिला एथलीटों मे शामिल होने वाली एकमात्र भारतीय खिलाड़ी कौन हैं? / **Who is the only Indian sportsperson to feature in Forbes world's highest-paid female athletes?**

A) पीवी सिंधु / PV Sindhu

B) रानी रामपाल / Rani Rampal

C) मीराबाई चानू / Mirabai Chanu

D) PT उषा / PT Usha

- भारत की बैडमिंटन स्टार पी. वी. सिंधु फोर्ब्स की दुनिया की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली महिला एथलीटों की वार्षिक सूची के शीर्ष 25 में शामिल होने वाली एकमात्र भारतीय खिलाड़ी हैं।
- वह सूची में 12 वें स्थान पर शामिल हैं।
- लगातार तीसरे वर्ष, ओसाका फोर्ब्स की दुनिया की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली महिला एथलीटों की वार्षिक सूची में सबसे ऊपर है।



Q13- हाल ही में सबसे बड़ा ओपन एयर थिएटर प्रदर्शन धनु यात्रा कहा शुरू हुआ? /

**Where did the biggest open air theater performance Dhanu Yatra start recently?**

A) छत्तीसगढ़ / Chhattisgarh

B) ओडिशा / Odisha

C) झारखंड / Jharkhand

D) नागालैंड / Nagaland



- ❖ सबसे बड़ा ओपन एयर थिएटर प्रदर्शन 'धनु यात्रा' 27 दिसंबर को शुरू हुआ।
- ❖ ओडिशा के बरगढ़ में दो साल के अंतराल के बाद सबसे बड़ा ओपन-एयर थिएटर फेस्टिवल 'धनु यात्रा' फेस्टिवल शुरू हुआ।
- ❖ जीवंत धनु यात्रा ओडिशा की संस्कृति से जुड़ी है।
- ❖ यह महोत्सव 27 दिसंबर से 6 जनवरी, 2023 तक आयोजित किया जा रहा है।

**धनु यात्रा महोत्सव:**

- ❖ अंग्रेजों के कुशासन की समाप्ति के लिए समाज में हर्षोल्लास के माहौल के प्रतिबिंब के रूप में वर्ष 1947-48 में धनु यात्रा शुरू की गई थी।
- ❖ तब से, यह हर साल धान की कटाई के अंत में मनाया जाता है, जो इलाके की मुख्य फसल है।



Q14. हाल ही में क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने किस फुटबॉल क्लब के साथ करार किया है? / **Recently, with which football club has Cristiano Ronaldo signed?**

A) मैनचेस्टर यूनाइटेड्स / Manchester United

B) चेल्सी इंग्लैंड / Chelsea England

C) बार्सेलोना / Barcelona

D) अल नासार / Al Nassar



- क्रिस्टियानो रोनाल्डो अब अरेबियन क्लब अल नासर के लिए खेलेंगे।
- पुर्तगाल के कप्तान क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने सऊदी 4 अरब के क्लब अल नास्र के साथ 200 मिलियन यूरो से अधिक के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए
- मैनचेस्टर यूनाइटेड के साथ उनका करार खत्म हो गया है।
- वह 2025 तक सऊदी अरब के क्लब अल नासर के लिए खेलेंगे।

**अल नासर फुटबॉल क्लब:**

- इसका गठन 1955 में हुआ था।
- यह रियाद में स्थित सऊदी अरब का एक फुटबॉल क्लब है।
- - पेड्रो इमानुएल अल नासर फुटबॉल क्लब के वर्तमान प्रबंधक हैं।

Q15. हाल ही में किस IIT के शोधकर्ताओं ने एक कृत्रिम हृदय विकसित किया है? /

**Recently researchers of which IIT have developed an artificial heart?**

A) IIT मद्रास / IIT Madras

B) IIT कानपुर / IIT Kanpur


C) IIT बॉम्बे / IIT Bombay

D) IIT रूड़की / IIT Roorkee

- IIT कानपुर के शोधकर्ताओं ने एक कृत्रिम हृदय विकसित किया है, जो हृदय संबंधी समस्याओं से पीड़ित लोगों के लिए मददगार साबित होगा।

- ट्रायल में सफलता मिलने के बाद अगले दो साल में इंसानों में ट्रांसप्लांटेशन किया जा सकेगा।

- मरीजों की परेशानी कम करने के लिए कृत्रिम हृदय विकसित किया जा रहा है।
- भारत 80 प्रतिशत उपकरण और इम्प्लांट विदेशों से आयात करता है।



Q16- ब्राज़ील के 39वें राष्ट्रपति के रूप में किसने शपथ ली है? / **Who has been sworn in as the 39th President of Brazil?**

A) चंद्रिका प्रसाद / Chandrika Prasad

B) मोहम्मद इरफान अली / Mohammed Irfan Ali

C) लूला डा सिल्वा / Lula da Silva

D) जायर बोल्सोनारो / Jair Bolsonaro



- लुइज़ इनासियो लूला डा सिल्वा ने ब्राज़ील के 39वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली है
- ब्राजील में पिछले वर्ष अक्टूबर में संपन्न हुए जनरल इलेक्शन में उन्हें 60.3 मिलियन वोट (50.9 प्रतिशत) वोट मिले थे जबकि तत्कालीन राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो को 58.2 मिलियन (49.1 प्रतिशत) वोट मिले थे
- वह वर्कर्स पार्टी (Workers' Party ) के एक संस्थापक सदस्य है. वह 01 जनवरी 2003 से 31 दिसम्बर 2010 के बीच दो बार ब्राजील के राष्ट्रपति रह चुके है. 01 जनवरी 2023 से वह तीसरी बार देश का नेतृत्व कर रहे है.

- ब्राजील - : राजधानी - ब्राजिलिया
- मुद्रा - ब्राजीलियन रियल



Q17 - हाल ही में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) के अध्यक्ष के रूप में किसे नियुक्त किया गया है? / **Recently who has been appointed as the chairman of the National Highways Authority of India (NHAI)?**

A) अल्का उपाध्याय / Alka Upadhyay

B) संतोष कुमार यादव / Santosh Kumar Yadav

C) अनिल कुमार लोहाटी / Anil Kumar Lohati

D) अरुण गोयल / Arun Goyal

❖ भारत सरकार ने संतोष कुमार यादव को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) का अध्यक्ष नियुक्त किया है।

❖ वह यूपी कैडर के 1995 बैच के IAS अधिकारी हैं।



❖ NHAI - National Highway Authority Of India

❖ स्थापना - 1995

❖ मुख्यालय - दिल्ली

Q18- हाल ही में भारत ने किस देश को मंगदेछु हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट सौंपा है? / **Recently India has handed over the Mangdechhu Hydro Power Project to which country?**

A) मंगोलिया / **Mongolia**

B) भूटान / **Bhutan**

C) बांग्लादेश / **Bangladesh**

D) अफगानिस्तान / **Afghanistan**



❖ भूटान में भारत की सहायता से तैयार किया गया 720 मेगावाट मंगदेछु हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट को भूटान की ड्रुक ग्रीन पावर कॉरपोरेशन (DGPC) को 27 दिसंबर को सौंप दिया गया।

❖ परियोजना को सौंपने के साथ ही भारत और भूटान ने चार बड़ी जलविद्युत परियोजनाओं को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।




## मंगदेछु जलविद्युत परियोजना के बारे में

❖ 720 मेगावाट की इस परियोजना का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके भूटानी समकक्ष लोटे शेरिंग ने 2019 में संयुक्त रूप से किया था।

❖ मध्य भूटान के ट्रोंगसा जिले में मंगदेछू नदी पर मंगदेछू पनबिजली संयंत्र स्थापित किया गया है।

❖ परियोजना के चालू होने से भूटान की विद्युत उत्पादन क्षमता में 44 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और यह अब 2,326 मेगा वाट है।

Q19. भारत का दूसरा सबसे लंबा केबल स्थित आठ में लेन जुआरी ब्रिज किस राज्य में खुला है ? / India's second longest cable-stayed eight-lane Zuari Bridge is open in which state?

A) जम्मू कश्मीर / Jammu and Kashmir
B) बिहार / Bihar
C) गोवा / Goa
D) ओडिशा / Odisha



- ❖ केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गोवा में देश के दूसरे सबसे लंबे केबल वाले आठ-लेन जुआरी ब्रिज का उद्घाटन किया।
- ❖ गडकरी ने एकीकृत संचालन प्रबंधन के लिए पीडब्ल्यूडी गोवा ऐप भी लॉन्च किया।
- ❖ गोवा सरकार की बीमा योजना के माध्यम से मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने पुल निर्माण के दौरान मरने वाले श्रमिकों के परिवारों को 2-2 लाख रुपये दिए हैं।




✍ **गोवा से संबंधित मुख्य तथ्य**

- राजधानी – पणजी
- स्थापना – 30 मई 1987
- लोक सभा – 2,
- राज्य सभा – 1,
- विधान सभा – 40
- उच्च न्यायालय – बॉम्बे उच्च न्यायालय, पणजी खण्ड पीठ

राष्ट्रीय उद्यान / वन्य जीव अभ्यारण्य ( गोवा )

- भगवान महावीर राष्ट्रीय उद्यान,
- कोट्टिगांव वन्यजीव अभयारण्य। ( डॉ सलीम अली पक्षी विहार )

प्रमुख लोक नृत्य ( गोवा )

- ढकनी
- खोल
- माण्डो
- झागोर

GI Tags ( गोवा )

- खाजे प्रसाद,
- हरमल मिर्च,
- खोला मिर्च,
- मिन्दोली केला ( मोयरा केला )।

✍ रेबीज से मुक्त होने वाला भारत का पहला राज्य बना।

Q20. हाल ही में भारत सरकार ने किस राज्य के एक विद्रोही समूह के साथ युद्ध विराम के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं? / **Recently the Government of India has signed a ceasefire agreement with an insurgent group from which state?**

A) झारखंड / Jharkhand

B) असम / Assam

C) मेघालय / Meghalaya

D) मणिपुर / Manipur

ZUF



❖ भारत सरकार और मणिपुर सरकार ने 27 दिसंबर 2022 को मणिपुर के एक विद्रोही समूह, ज़ेलियनग्रोंग यूनाइटेड फ्रंट (ZUF) के साथ युद्ध विराम के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

❖ समझौते के तहत ZUF ने हिंसा छोड़ने और शांतिपूर्ण लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल होने पर सहमति व्यक्त की है।

❖ ज़ेलियनग्रोंग यूनाइटेड फ्रंट (ZUF) की स्थापना 2011 में हुई थी।

❖ यह एक नागा समूह है जो मणिपुर में सक्रिय है।

